CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 13 ▫ रायपुर, बुधवार 5 फरवरी 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी

# महिला सुरक्षा, स्कूल-कॉलेज में छात्राओं और पत्रकारों पर फोकस

**रायपुर,** 5 फरवरी 2025। बीजेपी के बाद अब कांग्रेस ने आज अपना घोषणा पत्र कुछ देर पहले ही जारी कर दिया है। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपने जन घोषणा पत्र एक बार फिर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष फोकस किया है। वहीं स्कूल और कालेज में पढ़ने वाली छात्राओं को फ्री सेनटरी पेड की सुविधा के साथ ही पत्रकारों के लिए भी घोषणा पत्र में स्थान दिया है। कांग्रेस के घोषणा पत्र के प्रमुख बिन्दु इस प्रकार हैं-



- तालाबों का संरक्षण व सौन्दर्यीकरण की विशेष पहल की जायेगी।
- घाटो एवं तालाबों में महिलाओं के लिए चेजिंग रूम बनाये जायेंगे।
- शहरी व्यापारिक क्षेत्रों में महिला प्रसाधन की व्यवस्था ।
- महिला सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कंट्रोल रूम के साथ सामंजस्य कर सभी चौक-चौराहों व स्कूल-कॉलेज के समीप में सी.सी. कैमरा लगाने की व्यवस्था ।
- सर्व-सुविधायुक्त ऑटो रिक्शा/ई-रिक्शा के लिए पार्किंग व चार्जिंग की व्यवस्था।
- श्रद्धांजलि राशि योजना के बीपीएल कार्डधारियों को 2000 रू. से बढ़ाकर 5000 रू. किया जाएगा।
- निगमों के अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की दिशा में प्रयास किया जाएगा।
- सम्पत्तिकर, समेकितकर एवं जल उपभोक्ता शुल्क का घर बैठे भुगतान की सुविधा दी जाएगी।
- आगामी 6 माह में जहां-जहां ऑनलाइन भवन अनुज्ञा की सुविधा नही है वहां सुविधा दी जायेगी।
- मकान आबंटन प्रक्रिया को और सरलीकृत एवं पारदर्शी करते हुए सभी आवासहीनों को पात्रतानुसार मकान दिया जाएगा।
- प्रत्येक वार्ड में कार्यरत सफाई कर्मी की जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जायेगी।
- प्रत्येक निकाय में विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए सर्व-सुविधायुक्त नि:शुल्क लायब्रेरी खोला जाएगा।
- नगरीय निकाय के द्वारा आमजनों को दशगात्र, बेटी विवाह जैसे अन्य कार्यक्रमों में पानी टैंकर नि:शुल्क प्रदाय किया जाएगा।
- यूजर चार्ज का युक्ती-युक्तकरण किया जायेगा।

शहर को धुल मुक्त बनाने आवश्यक कदम उठाये जाएंगे।

पौनी-पसारी योजना में महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी एवं स्थान को सर्व सुविधायुक्त बनाया जाएगा।

- चलित ठेले व्यवसायियों को संरक्षण दिया जायेगा एवं वार्डों के प्रमुख स्थानों पर वेंडिग-जोन चिन्हांकित कर व्यवसाय हेतु उचित स्थान दिया जाएगा।
- विकास कार्य में पारदर्शिता सामुहिक जिम्मेदारी एवं कसावट की दृष्टि से निकायों के अध्यक्षों के पूर्ववर्ती सरकार द्वारा दिये गये अधिकार वापस करते हुए प्रत्येक भुगतान में नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्षों के चेक हस्ताक्षर करने के अधिकार वापस दिलाने हेतु प्रयास किया जाएगा।
- कन्या विवाह के लिये सभी निकाय क्षेत्रों में सामुदायिक भवन निशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा।
- सामुदायिक भवन की ऑनलाइन बुकिंग सिस्टम लागू करेगें।
- शासकीय भूमि पर काबिज भूमिहीन व्यक्तियों को भूमि धारण करने हेतु धारणा अधिकार दिया जाएगा।
- सभी को पात्रतानुसार वृध्दा, दिव्यांग एवं निराश्रित लोगों को पेंशन सुविधा प्राप्त हो सुनिश्चित किया जाएगा।
- समस्त सरकारी स्कूल एवं आत्मानंद स्कूल में मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया जाएगा।
- सभी वार्डों में सर्व-सुविधायुक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण ।
- स्कूली एवं महाविद्यालयीन छात्राओं को मुफ्त सेनेटरी नेपकीन देंगे।
- जन्म-मृत्यु एवं मैरिज सर्टीफिकेट को घर पहुंच सुविधा प्रदान की जाएगा।
- युवाओं को रोजगार देने के लिये सभी निकाय क्षेत्रों में यूथ हब बनाया जायेगा।
- महिला स्वसहायता समूहों को रोजगार देने विशेष पहल ।
- सार्वजनिक स्थलों पर मुफ्त वाई-फाई सुविधा प्रदान करेंगे।
- कांग्रेस शासित सभी निकायों में जनता को उनके कार्यों के पूर्ण होने की समय सीमा निर्धारित कर सिटीजन चार्टर बनाया जायेगा।
- संपत्तिकर की राशि नियमित समयावधि पर पर भुगतान करने पर विशेष छुट प्रदान की जायेगी।
- सभी नगर निगमों में पत्रकारों के लिये हाईटेक रेस्ट रूम बनाया जायेगा।
- प्रत्येक वार्ड में सब्जी बाजार बनाया जायेगा।

# एनआईए का नक्सल नेटवर्क पर फिर प्रहार, 4 नक्सल सहयोगियों को किया गिरफ्तार




**रायपुर,** 5 फरवरी (हाईवे चैनल)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बार फिर नक्सल नेटवर्क पर कड़ा प्रहार करते हुए मंगलवार को माओवादियों के चार सहयोगियों को गिरफ्तार किया है. आरोपी लंबे समय से सीपीआई (माओवादी) की कुयेमारी एरिया कमेटी के नक्सलियों को मदद पहुंचा रहे थे।

गिरफ्तार आरोपियों अनीश खान उर्फ अन्नू खान उर्फ अज्जू खान, अनिल कुमार नेताम, जयसिंह हिडको और रघुवीर शामिल हैं. आरोपियों ने कांकेर जिले के मुजालगोंडी गांव के पास पुलिस दल पर हमला करने जा रहे नक्सलियों की रहने-खाने की व्यवस्था के साथ विस्फोटक और डेटोनेटर सहित आपत्तिजनक सामग्री मुहैया कराई थी। जांच से यह भी पता चला है कि कुयेमारी क्षेत्र में सक्रिय सीपीआई (माओवादी) के सदस्यों डीवीसी सोनू और डीवीसी प्रसाद ने हमले के साथ-साथ राज्य में चुनाव बहिष्कार के आह्वान के लिए एक बैठक की योजना बनाई थी. पुलिस दल पर हमला करने से पहले ही दोनों सशस्त्र कैडरों को गिरफ्तार कर लिया गया था. बता दें कि एनआईए ने पिछले साल फरवरी में स्थानीय पुलिस से मामले को अपने हाथ में लिया था. संस्था अगस्त 2024 में दो आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर करते हुए अपनी जांच जारी रखे हुए है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### पीएम मोदी ने संगम में डुबकी लगाई



नई दिल्ली, 5 फरवरी (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को सुबह प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 में पहुंचे और त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। भगवा रंग का वस्त्र पहने मोदी ने स्नान करने के बाद गंगा को प्रणाम करते हुए सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री बुधवार की सुबह अरैल घाट के पास बने हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर से पहुंचे और वहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उन्हें बोट से लेकर संगम पहुंचे जहां प्रधानमंत्री ने डुबकी लगाई। त्रिवेणी संगम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रुद्राक्ष की माला पहनकर पूरे मंत्रोच्चार के साथ मां त्रिवेणी की परिक्रमा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साथ में लेकिन पीएम ने अकेले ही डुबकी लगाई। इस दौरान सीआरपीएफ और सेना के जवान मुस्तैद रहे।

### ओडिशा सरकार के अधिकारी के घर से 1.5 करोड़ रुपये नकद बरामद

**नई दिल्ली,** 5 फरवरी (हाईवे चैनल)। भ्रष्टाचार निरोधक सतर्कता विभाग की टीम ने बुधवार को ओडिशा सरकार के एक अधिकारी के घर पर छापेमारी के दौरान करीब 1.5 करोड़ रुपये नकद बरामद किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सर्तकता विभाग ने आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में वाटरशेड, मलकानगिरि के उप निदेशक शांतनु महापात्र के घर पर छापा मारा। सतर्कता विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि तलाशी अभियान के दौरान लगभग 1.5 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

# खैरागढ़ के जंगल में बाघ की दस्तक अनावश्यक घूमने वालों को मना किया



खैरागढ़, 5 फरवरी (हाईवे चैनल)। खैरागढ़ वन मंडल में बाघ की मौजूदगी देखने को मिली है. इसके साथ ही वन विभाग ने इलाके में सतर्कता बढ़ा दी है. बाघ और इंसानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लोगों को अनावश्यक जंगल में घूमने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। दरअसल, खैरागढ़-डोंगरगढ़ के जंगलों में बीते कई दिनों से बाघ की आहट थी. इलाके में कई जगह बाघ के पद चिन्ह देखे गए थे, लेकिन प्रत्यक्ष रूप से बाघ किसी को दिखाई नहीं दिया था. लेकिन 3 फरवरी को जंगल में बाघ को देखे जाने की मजदूरों द्वारा पुष्टि किए जाने पर वन विभाग ने पूरे इलाके को हाई अलर्ट पर रखा गया है. बाघ अभी जंगल के अंदर है, और उसकी हर गतिविधि पर ड्रोन कैमरों और गश्त टीमों के जरिए लगातार नजर रखी जा रही है।

वन विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे बिना किसी जरूरी कारण के जंगल में न जाएं. अगर कोई व्यक्ति अनावश्यक रूप से जंगल में घूमते पाया गया, तो उसे तुरंत हिरासत में लिया जाएगा और कानूनी कार्रवाई की जाएगी. यह कदम बाघ और इंसान दोनों की सुरक्षा के लिए उठाया गया है, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। बता दें कि खैरागढ़ और डोंगरगढ़ के जंगल का जैव विविधता से भरपूर हैं. 1990 तक यहाँ कई बाघों का निवास था. इस क्षेत्र में समुदाय आधारित संरक्षण के माध्यम से वन्यजीवों के लिए एक सुरक्षित आवास फिर से तैयार किया जा सकता है. यदि स्थानीय समुदाय को संरक्षण प्रयासों में शामिल किया जाए, तो खैरागढ़ को एक आदर्श वन्यजीव आवास क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा सकता है, और साथ ही यहां इको-टूरिज़्म को बढ़ावा दिया जा सकता है. खैरागढ़ डीएफओ आलोक तिवारी ने ग्रामीणों के लिए जरूरी हिदायत जारी करते हुए कहा कि रात के समय बाहर न निकलें. अकेले या सुनसान इलाकों में न जाएं.

# दिल्ली में 1 बजे तक 33 फीसदी मतदान



### सीएम आतिशी, राहुल, बांसुरी समेत कई दिग्गजों ने डाला वोट

**नई दिल्ली,** 5 फरवरी (हाईवे चैनल)। दिल्ली में 70 विधानसभा सीटों के लिए वोटिंग हो रही है. दिल्ली के कई इलाकों में वोटिंग प्रतिशत काफी ज्यादा देखने को मिल रहा है. वहीं, नई दिल्ली जैसे इलाकों में मतदान प्रतिशत काफी दर्ज किया जा रहा है. 70 विधानसभा सीटों पर दोपहर 1 बजे तक 33.3 प्रतिशत मतदान हुआ. उत्तर पूर्व जिले की सीटों पर वोटर सबसे ज्यादा जोश में नजर आ रहे हैं. यहां की मुस्लिम बहुल मुस्?तफाबाद विधानसभा सीट पर अब तक सबसे ज्यादा 43% वोटिंग हो चुकी है. इसके साथ ही बाबरपुर में 37.83 प्रतिशत वोटिंग हुई है. वहीं करोलबाग सीट पर अब तक सबसे कम सिर्फ 25 प्रतिशत मतदान हुआ है. इससे पहले शुरुआती 2 घंटों में वोटरों में जोश देखने को नहीं मिल. सुबह 9 बजे तक सिर्फ 8.10% वोटिंग हो चुकी है. सबसे ज्यादा 10.70 प्रतिशत मतदान नॉर्थ ईस्ट दिल्ली की सीटों में हुआ है. वहीं, नई दिल्ली जिले की सीटों पर वोटिंग के प्रति वोटरों में सबसे कम रुझान देखने को मिल रहा है. यहां शुरुआती 2 घंटों में 6.51 प्रतिशत मतदान हुआ है. मुस्लिम बहुल मुस्तफाबाद सीट पर बंपर वोटिंग होने के समाचार मिल रहे हैं।

दिल्ली की सीएम और कालकाजी विधानसभा सीट से आप उम्मीदवार आतिशी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोट डालने से पहले कालकाजी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने, मैंने कालका मैया का आशीर्वाद लिया है। मुझे विश्वास है कि दिल्ली के लोग धर्मयुद्ध में काम, सच्चाई, अच्छाई को अपना वोट जरूर देंगे।

दिल्ली का चुनाव आम चुनाव नहीं है, यह धर्मयुद्ध है : सीएम आतिशी

दिल्ली की मुख्यमंत्री और कालकाजी विधानसभा सीट से आप उम्मीदवार अतिशी ने कहा, दिल्ली का चुनाव आम चुनाव नहीं है, यह धर्मयुद्ध है। यह अच्छाई और बुराई, काम और गुंडागर्दी की लड़ाई है। जहां-जहां हम जा रहे हैं दिल्ली के लोग काम के साथ हैं। दिल्ली पुलिस खुलेआम भाजपा को चुनाव लड़वा रही है। एक ओर भाजपा की गुंडागर्दी है और दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस का उन्हें पूरा समर्थन है।

आप ने भाजपा पर लगाया पैसे बांटने का आरोप


आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर पैसे बांटने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भाजपा जंगपुरा में मतदाताओं को सरेआम बिल्डिंग में ले जाकर पैसे बांट रही है। यह सब दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग की निगरानी में किया जा रहा है। आप ने चुनाव आयोग से इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी पैसे बांट रहा है।

# सदर बाजार में आयकर विभाग ने मारी रेड



**रायपुर,** 5 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में लगातार आईटी की छापेमार कार्रवाई जारी है. राजधानी रायपुर के सदर बाजार स्थित ए.एम ज्वेलर्स में सेंट्रल आईटी की टीम ने दबिश दी है, जहां कार्रवाई जारी है. बता दें कि मंगलवार को आयकर विभाग की टीम ने धमतरी के इतवारी बाजार स्थित सेठिया ज?वेलर्स में भी छापा मारा था. बताया जा रहा कि यह कार्रवाई इनकम टैक्स चोरी की शिकायत पर की जा रही है. मंगलवार दोपहर लगभग 1 बजे रायपुर पासिंग की चार गाड़ियां धमतरी के सेठिया ज्वेलर्स में पहुंची थी, जिसमें 12 से 13 अधिकारी थे. इसमें धमतरी इनकम टैक्स ऑफिस के भी अधिकारी थे. यहां सराफा व्यापारी के ठिकानों पर टीम ने जांच की. बताया जा रहा है कि जांच पूरी होने के बाद बड़ा खुलासा हो सकता है. इस संबंध में इनकम टैक्स के अधिकारियों ने अभी कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया है।

# देश में नॉनवेज खाने पर लगना चाहिए प्रतिबंध : शत्रुघ्न सिन्हा



### उत्तराखंड के यूसीसी का भी किया समर्थन

**नई दिल्ली,** 5 फरवरी (हाईवे चैनल)। दिग्गज अभिनेता और तृणमूल कांग्रेस के सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के कार्यान्वयन की प्रशंसा की है, लेकिन साथ ही इस तरह के कानून को पूरे देश में लागू करने में खामियों की ओर भी इशारा किया है। मांसाहारी भोजन पर प्रतिबंध का हवाला देते हुए अभिनेता-राजनेता ने कहा कि हालांकि उन्होंने इस तरह के कदम का समर्थन किया है, लेकिन देश के कुछ हिस्सों में इसे लागू करना मुश्किल होगा।

उ न्होंने संसद के बाहर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए चुटकी ली 'देश के कई हिस्सों में गोमांस पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मुझे लगता है कि न केवल गोमांस, बल्कि सामान्य रूप से मांसाहारी भोजन पर भी देश में प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए। हालांकि, पूर्वोत्तर सहित कुछ जगहों पर अभी भी गोमांस खाना कानूनी है। वहा खाओ तो यम्मी, पर हमारे उत्तर भारत में खाओ तो मम्मी।' सिन्हा ने कहा- लेकिन यह कारगर नहीं होने जा रहा है, प्रतिबंध हर जगह लागू होना चाहिए, न कि केवल कुछ हिस्सों में। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता के कार्यान्वयन को सराहनीय बताते हुए सिन्हा ने इसकी बारीकियों के प्रति आगाह किया और कहा कि यूसीसी में खामियां हैं, जो भाजपा के मुख्य वादों में से एक है, जो विवाह, तलाक, विरासत, गोद लेने जैसे मामलों में सभी धार्मिक समुदायों के लिए एक ही कानून प्रदान करता है।




चूहा- सुनती हो, शत्रुघ्न सिन्हा ने उत्तराखंड के यूसीसी का समर्थन किया है।

चुहिया- हां जी, भाजपा-टीएमसी दोनों को खुश रखना चाहते हैं।

# ग्रामीण की गला रेतकर हत्या, इलाके में मचा हड़कंप

### आपसी रंजिश में हत्या की आशंका जताई जा रही

**जगदलपुर,** 5 फरवरी (हाईवे चैनल)। दंतेवाड़ा जिले में हत्या का मामला सामने आया है. एक ग्रामीण की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई है. घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. सूचना पर पुलिस ने मौके में पहुंचकर जांच शुरू कर दी है. शुरूआती जांच में हत्या की वजह आपसी रंजिश लग रही है. पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है.

जानकारी के मुताबिक, मामला अरनपुर थाना क्षेत्र के ककाड़ी गांव की है. जहां धारदार हथियार से एक ग्रामीण की अज्ञात आरोपी द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई है. मृत ग्रामीण का नाम हड़मा हेमला बताया जा रहा है. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची. फिलहाल आपसी रंजिश में हत्या की आशंका जताई जा रही है. मामले में पुलिस आपसी रंजिश और नक्सल एंगल से जांच कर रही है. पुलिस घटनास्थल पर जांच में जुटी है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है. मामले को लेकर इलाके में दहशत का माहौल है.